बृहस्पतिवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
29 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 06
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# जंगल में मिला 12वीं की छात्रा का शव

संवाददाता

देहरादून। ढालीपुर के जंगल में 12वीं की छात्रा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। आनन फानन में एसएसपी, एसपी देहात, सीओ व विकासनगर कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। युवती के चेहरे व सिर पर चोटों के निशान थे। हत्या में मृतका के चचेरे भाई का हाथ बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः ग्रामीण जंगल में लकडियां लेने गये तो वहां पर जंगल के अन्दर एक युवती का शव पडे होने से सनसनी फैल गयी और ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। युवती का शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया। आनन फानन में एसएसपी अजय सिंह, एसपी देहात पंकज गैरोला, विकासनगर कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के चेहरे व सिर पर चोटों के निशान मिले। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो मृतका की पहचान ढालीपुर निवासी आनन्द सिंह की पुत्री मनीषा के रूप में हुई। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि मृतका 12वीं कक्षा की छात्रा थी।



## ●चचेरे भाई पर हत्या की आशंका

पुलिस को शव के पास एक मोटरसाईकिल भी बरामद हुई। पुलिस ने ग्रामीणों व उसके परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि गत दिवस मृतका अपने चचेरे भाई सुरेन्द्र के साथ घर से निकली थी। लेकिन उसके चचेरे भाई का कुछ पता नहीं चला और उसकी मोटरसाईकिल भी मौके पर ही पडी मिली।

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतका बोक्सा जनजाति की थी। तथा उसके चचेरा भाई सुरेन्द्र (30) साल का है तथा जोकि अविवाहित है। जांच में यह बात भी सामने आयी कि सुरेन्द्र के परिवार की एक महिला के साथ नाजायज सम्बन्ध थे। आसपास के लोगों का मानना है कि इन अवैध सम्बन्धों के चलते कहीं इस हत्याकाण्ड को अंजाम दिया हो सकता है। क्योंकि मृतका ने कहीं सुरेन्द्र व उक्त महिला को आपत्तिजनक हालत में देख लिया होगा जिसके चलते उसकी हत्या की गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलभट्टा क्षेत्र में हुई लूट का खुलासाः लूट के माल व तमंचे सहित लुटेरा गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। तमंचे की नोक पर घर में हुई लाखों की लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से लूटी गयी नगदी, ज्वैलरी व घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हुआ है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 22 जनवरी को नरेश कुमार निवासी ग्राम बरा द्वारा थाना पुलभट्टा में तहरीर देकर बताया गया था कि 3 अज्ञात लुटेरे द्वारा उसके घर मे घुसकर तमंचे की नोक पर घर से 87000 रूपये नगद, ज्वैलरी व 2 मोबाईल फोन लूट लिये गये




है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गयी। लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस टीमों द्वारा आज सुबह एक सूचना के बाद लूट की उक्त घटना में शामिल आरोपी इस्लाम पुत्र अहमद हुसैन निवासी ग्राम लोहार नगला थाना फतेहगंज पश्चमी जिला बरेली(उ.प्र.) को अभयपुर तिरहा भोजीपुरा बरेली उ.प्र. क्षेत्र से घटना में प्रयुक्त तमंचे व लूट के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ मे आरोपी ने बताया कि मेरा भाई अबरार पुत्र अहमद हुसैन व मेरा दोस्त शकील पुत्र हसीन मियां निवासी ग्राम लोहार नगला थाना फतेहगंज पश्चमी, जिला बरेली के साथ मिलकर योजना बनाकर हम लोगो द्वारा दिनांक 21/22 की रात मे ग्राम बरा मे एक घर मे घुसकर तमंचे के बल पर उस घर से 87000 रूपये नगद व ज्वैलरी व 2 मोबाईल फोन लूट लिए थे उनको लूटने के बाद हम लोग ग्राम बरी मे गये और हम तीनो ने मिलकर एक घर से उसकी मो.सा. चोरी कर ली थी और मेरे हिस्से मे 25000 रूपये नगद व 1 वीवो कम्पनी का फोन आया जो बरामद करा दिया है। लूट के शेष रूपये व ज्वैलरी व चोरी की बाइक मेरे भाई अबरार व मेरे दोस्त शकील के पास है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पहाड़ प्रेम का सच?

भले ही पहाड़ के आम लोगों को पहाड़ से कितना भी प्रेम क्यों न रहा हो लेकिन सुविधा संपन्न और अमीर जनप्रतिनिधियों को पहाड़ से वास्तव में कुछ लेना-देना रह नहीं गया है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि उनकी इस हकीकत को उत्तराखंड के लोग लम्बे समय से देख रहे है। यहां पहाड़ों से चुनाव जीतने वाले नेता मैदानी क्षेत्रों में कोठियां बनाकर अपने परिवार सहित निवास करने लग जाते है तथा पहाड़ के उन आम जनता की समस्याये तो दूर उनके आने जाने वाली सड़कों की सुध भी नहीं लेते है। बात अगर उत्तरखण्ड की ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण की करें तो यंहा सूबे के नेताओं को पहाड़ के मौसम से इतना डर लगता है कि फरवरी-मार्च के माह में भी चार-छह दिन के लिए गैरसैंण जाने से वह कतराते हैं तो यह उनका पहाड़ प्रेम कैसा पहाड़ प्रेम है और क्यों उन्होंने राजधानी गैरसैंण के नाम पर बीते 20 सालों से तमाशा कर रखा है? और अब जब गैरसैंण में राजधानी के नाम पर सैकड़ो करोड़ खर्च किये जा चुके है तब फिर पहाड़ से इस तरह का अलगाव क्यों? अगर ऐसा ही था तो यहां भूमि पूजन से लेकर विधानसभा सत्र का आयोजन टेंट में करने और विधानसभा भवन निर्माण पर इतना खर्च करने की जरूरत क्या थी? राज काज का काम तो देहरादून से चल ही रहा था इसे यहीं से चलने देते रहना चाहिए था। खास बात यह है कि गैरसैंण राजधानी बनाने का श्रेय लेने की होड़ में जुटे भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को पहाड़ से कुछ लेना-देना है ही नहीं उन्हें तो इस मुद्दे पर सिर्फ सियासत करनी है। वैसे भी पहाड़ के तमाम नेता अब पहाड़ को छोड़ चुके हैं उन्होंने अपने आशियाने दून, हरिद्वार और ऋषिकेश में बना लिए हैं। उनके पैतृक गांव के आवास अब वीरान पड़े हैं। चंद अनिल बलूनी जैसे लोग हैं जो गांव में इगास मना कर पहाड़ से पलायन रोकने की मुहिम में जुटे हैं। अन्यथा इन नेताओं ने पहाड़ को ही नहीं छोड़ दिया है बल्कि अपने परंपरागत चुनावी क्षेत्र और सीटों को भी छोड़ दिया है तथा मैदानी क्षेत्र की सीटों पर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार कर ली है या करने में जुटे हैं। जो पहाड़ से चुनाव लड़ते भी हैं तो उनकी मजबूरी यह है कि मैदानी क्षेत्र में उन्हें कोई मुफीद सीट नहीं मिल पा रही है। हां पहाड़ के कुछ वयोवृद्ध लोग जरूर पहाड़ छोड़ने को तैयार नहीं है या फिर कुछ लोग पहाड़ बचाने के लिए आज भी जुटे हैं। लेकिन इन लोगों को अपने नेताओं की हकीकत और उनके पहाड़ प्रेम को समझना जरूरी है। तभी पहाड़ को बचाना संभव होगा अन्यथा नहीं।

# मातहत के सम्मुख अभिभावक की भूमिका में दिखे एससपी डोबाल

## ❑सैनिक सम्मेलन में जानी जवानों की समस्या, मौके पर किया निवारण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जनपद प्रभारी सहित अभिभावक की भूमिका का भी निर्वहन कर रहे एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा आज पुलिस कार्यालय रोशनाबाद स्थित सभागार में सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस दौरान मौजूद सभी जवानों से उनकी कुशल क्षेम जानते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा समस्याओं की जानकारी की गई तथा अपने स्तर की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुए अन्य शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। सैनिक सम्मेलन के अन्त में डोबाल द्वारा ड्यूटी के दौरान अपनी कार्यक्षमता का उदाहरण प्रस्तुत कर विभिन्न जटिल अपराधों के अनावरण एवं जनता के निहितार्थ किए गए कार्यों के लिए 36 जवानों को सम्मानित किया गया जिसमें 5 महिला पुलिस/होमगार्ड कर्मी भी सम्मिलित हैं।



माह दिसम्बर 2025 पुलिस 'मैन ऑफ द मंथ' हेतु चयनित कार्मिकों की सूची में पुलिस कर्मियों के नाम कोतवाली नगर से का. राहुल धनिक, थाना श्यामपुर से का. विनीत कुमार, थाना कनखल से का. संजू सैनी, कोतवाली ज्वालापुर से हो,गा, शायरा बानो, थाना बहादराबाद से म.कां. नेहा डुकलान, कोतवाली रानीपुर से कां. दीप गौड़, थाना सिड़कुल से व.व.उ.नि. देवेन्द्र तोमर, हे.का. संजय तोमर, कोतवाली रुड़की से कां. गुलबहार, कोतवाली गंगनहर से म.का. फुल्लो राय, हो.गा. सुबोध चौधरी, थाना कलियर से अ.उ.नि. सूरज नेगी, हे.का. सोनू कुमार, कोतवाली लक्सर से का. नवीन चन्द, थाना पथरी से अ.उ.नि. मुकेश राणा, थाना खानपुर से का. त्रेपन सिंह, कोतवाली मंगलौर से अ.उ.नि. ललिता, का. विनोद, थाना झबरेड़ा से उ.नि. जय सिंह राणा, थाना भगवानपुर से का. अजय चन्देल, थाना बुग्गावाला से उ.नि. देवेन्द्र सिंह, कार्यालय पुलिस अधीक्षक नगर से का. अरविन्द ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# डीएम की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

हमारे संवाददाता

बागेश्वर। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण एवं सतत निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।




जिलाधिकारी ने खाद्य नमूनाकरण के निर्धारित लक्ष्य कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से नमूनाकरण (सैंपलिंग) एवं उसकी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाएगा। अधिक नमूनाकरण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट आदेश जारी किए गए तथा खाद्य सुरक्षा की टीम को अधिक सतर्क रहते हुए सक्रिय कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया। मिड-डे मील एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उपयोग में लाई जा रही सब्जियों एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

एफएसओ को जियोटैग फोटो सहित प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में खाद्य सामग्री की निगरानी व्हाट्सएप के माध्यम से जियोटैग्ड इमेज के साथ की जाएगी। मिड-डे मील एवं आंगनबाड़ी से संबंधित नमूना रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी। किसी भी प्रकार के फूड पॉयजनिंग, संक्रमण या पीलिया की सूचना तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित लक्ष्य पूरे न होने की स्थिति में एफएसओ का वेतन रोका जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी (नगर पालिका) एवं उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को संयुक्त रूप से स्ट्रीट फूड हब/स्ट्रीट फूड जोन का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने हेतु एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ईट राईट स्कूल अभियान के अंतर्गत आश्रम पद्धति विद्यालयों को भी शामिल करने, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाने तथा चिकित्सा, पुलिस, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों के समन्वय से संयुक्त कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी (सीएओ), बागेश्वर को जिले को ऑर्गेनिक जिला घोषित करने की संभावनाओं का अध्ययन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं उद्योग विभाग को खाद्य प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित प्रस्ताव पर शीघ्र कार्य करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त अच्छे चिकित्सकों को जागरूकता टीम में शामिल करने, खाद्य पदार्थों की शेल्फ लाइफ पर विशेष ध्यान, निरीक्षणों में वृद्धि, नमूनों में विविधता लाने तथा घरों में उपयोग होने वाले 100 प्रतिशत खाद्य पदार्थों के नमूनाकरण को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी, डीपीओ डॉ. मंजुलता यादव, खाद्य सुरक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकार ने यूजीसी में परिवर्तन नहीं किया तो पुरोहित समाज करेगा आंदोलन



संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड पुरोहित समाज की बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर सरकार यूजीसी में परिवर्तन नहीं करती है तो पुरोहित समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

आज उत्तराखंड पुरोहित समाज (पंजी.), देहरादून की कार्यकारिणी की एक अत्यंत गंभीर एवं विचारोत्तेजक बैठक श्री रामेश्वर मन्दिर, तालाब में सभाध्यक्ष आचार्य हर्षपति घिल्डियाल के पावन नेतृत्व में विधिवत संपन्न हुई। इस सभा का मुख्य विषय केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी के अंतर्गत प्रवर्तित नवीन नियम, जो सवर्ण समाज एवं परंपरागत बौद्धिक वर्ग के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, के विरुद्ध सशक्त एवं एकमत विरोध प्रकट करना था। सभा में उपस्थित समस्त विद्वान आचार्यों, पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्ध जनों ने गंभीर चिंतन के उपरांत स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह यूजीसी कानून न्याय, समानता एवं सामाजिक संतुलन के सिद्धांतों के प्रतिकूल है तथा यह परोक्ष रूप से सवर्ण समाज के शैक्षिक, बौद्धिक एवं संवैधानिक अधिकारों का हनन करता है।

सभा सर्वसम्मति से इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि यदि केंद्र सरकार शीघ्रातिशीघ्र इस कानून को वापस लेकर आवश्यक संशोधन नहीं करती, तो उत्तराखंड पुरोहित समाज, अन्य राष्ट्रहितैषी एवं समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ मिलकर, शांतिपूर्ण चेतावनी से लेकर उग्र जनआंदोलन तक का मार्ग अपनाने के लिए विवश होगा। यह आंदोलन धर्म, संविधान एवं सामाजिक न्याय की रक्षा हेतु होगा, न कि किसी वैमनस्य अथवा विभाजन के लिए। सभा में उपस्थित कार्यकारिणी पदाधिकारी अध्यक्ष आचार्य हर्षपति घिल्डियाल, उपाध्यक्ष आचार्य सुभाष डिमरी, महासचिव आचार्य कृष्णानंद नौडियाल, कोषाध्यक्ष गोपाल काला, सलाहकार आचार्य माधवानंद, कार्यकारिणी सदस्य, आचार्य कालशाराम सेमवाल, आचार्य प्रेम विजोला, आचार्य शिवराज दीक्षित, आचार्य अमित कुकरेती, आचार्य भारत भूषण लखेड़ा, आचार्य योगेश सकलानी, आचार्य मोहन प्रसाद सेमवाल, आचार्य हरीश व्यास, आचार्य नवीन कोठारी, आचार्य सुनील बडथ्वाल,े मनोज दुब, सुधीर सिंह राणा, सभा का समापन इस दृढ़ एवं उद्घोषात्मक संकल्प के साथ हुआ कि जब-जब समाज के अधिकारों पर कुठाराघात होगा, तब-तब उत्तराखंड पुरोहित समाज संगठित होकर संघर्ष के पथ पर अग्रसर होगा।

# नगर में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को गौशालाओं में भेजने की मांग

अल्मोड़ा(आरएनएस)। नगर क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे गोवंश की समस्या को लेकर मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण भंडारी को ज्ञापन सौंपा। जिला सह संयोजक वैभव जोशी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नगर में गोवंश के कारण उत्पन्न हो रही परेशानियों से प्रशासन को अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया कि लंबे समय से नगर क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में गोवंश सड़कों पर विचरण कर रहा है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही सड़कों पर घूमते गोवंश के चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि नगर क्षेत्र में घूम रहे गोवंश को शीघ्र गौशालाओं में भेजा जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आम जनता को भी राहत मिल सके। इसके अलावा बजरंग दल ने यह भी मांग उठाई कि जिन लोगों द्वारा अपने पालतू गोवंश को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इस दौरान वैभव जोशी के साथ पार्षद अमित साह मोनू, पार्षद श्याम पांडे, पार्षद मीरा मिश्रा, संजय भट्ट, हेम पांडे, मानस कनवाल, गौरव, विनोद भट्ट, ललित और अरुण सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा को निर्माण कार्य की मांग

पिथौरागढ़(आरएनएस)। बंगापानी के आपदा प्रभावित भैलथौल,रतगाडी में भूस्खलन होने के आठ माह बीतने के बाद भी सुरक्षा दीवार लगाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को मदकोट की जिला पंचायत सदस्य भावना दानू ने बताया कि भैलथौल व रतगाडी के लोग दशहत के साए में जी रहे हैं। आठ माह बीतने को हैं पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए कोई पहल नहीं हो रही है। कहा कि बंगापानी तहसील प्रशासन की ओर से बरसात में सभी आपदा प्रभावित परिवारों की ओर से नोटिस दिया गया और उनसे खतरे को देखते हुए सुरक्षित स्थानों में रहने को कहा। कहा कि तब प्रभावित परिवार अपने रिश्तेदारों व स्कूलों में निवास कर रहे थे, अब बरसात खत्म होने के बाद वह अपने मूल घरों की ओर लौट आए हैं। भावना ने कहा कि भैलथौड, भैंसखाली, जुलगीधार व रतगाडी में बचाव के लिए सुरक्षात्मक काम होने जरुरी हैं, जिससे अप्रिय घटना न हो। उन्होंने जल्द कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों को साथ लेकर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# हिन्दू संस्कृति के खिलाफ है यूसीसी

पिथौरागढ़(आरएनएस)। कांग्रेस ने यूसीसी को हिन्दू संस्कृति के खिलाफ बताया है। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट रमेश कापडी ने एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार यूसीसी के नाम पर ढोल पीटने का काम कर रही है। लिव इन रिलेशन को लेकर हिन्दू मैरिज एक्ट हो या पहाड की संस्कृति में कोई प्रावधान नहीं है। लिव इन को मान्यता देकर देवभूमि को कलंकित करने का काम किया है। भाजपा सरकार को लिव इन रिलेशन को खत्म करने का कानून बनाना था पर वह कुरीति को बढ़ावा देने के लिए कानून लेकर आई है। किसी भी राज्य ने इस तरह की कुरीति को बढ़ावा देने का काम नहीं किया। भाजपा ने पहली बार देवभूमि में इस तरीके के गलत कानून को लागू कर समाज को गलत संदेश देने का काम किया है।

# राज्य स्तरीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन ट्रायल में डी के जोशी का राष्ट्रीय टीम में चयन

अल्मोड़ा(आरएनएस)। सिविल सर्विसेज बैडमिंटन के राज्य स्तरीय ट्रायल शुक्रवार को देहरादून स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, परेड ग्राउंड में हुए। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अल्मोड़ा(आरएनएस)। के खिलाड़ी डी के जोशी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य बैडमिंटन टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ट्रायल मुकाबलों में डी के जोशी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पौड़ी के डी साह को पराजित किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में पिथौरागढ़ के जयंत भट्ट को हराया और फाइनल मुकाबले में पिथौरागढ़ के ही मनोज वर्मा को 21-18 और 21-17 के सीधे सेटों में शिकस्त देकर विजेता बने। राज्य टीम अब राष्ट्रीय स्तर की ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी, जिसका आयोजन गोवा में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक प्रस्तावित है। डी के जोशी लगातार छठी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। डी के जोशी वर्तमान में जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के मीडिया प्रभारी हैं। के जनपद अध्यक्ष के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक मनोज तिवारी, उत्तरांचल बैडमिंटन संघ के महासचिव बी एस मनकोटी, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के अध्यक्ष सुरेश कर्नाटक, उपाध्यक्ष गोकुल मेहता, राकेश जायसवाल, सचिव डॉ. संतोष बिष्ट, उपसचिव संजय नज्जोन, कोषाध्यक्ष नंदन रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य, उप क्रीड़ा अधिकारी अरुण बंगयाल और बैडमिंटन प्रशिक्षक जीवन बोरा समेत अनेक खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# नाबार्ड समर्थित एफपीओ कार्यशाला में मौन पालन और स्थानीय उत्पादों के संवर्धन पर जोर

अल्मोड़ा(आरएनएस)। कृषकों की आय बढ़ाने और आजीविका आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद अल्मोड़ा(आरएनएस)। के द्वाराहाट विकासखंड अंतर्गत न्याय पंचायत कुवाली के पंचायत घर में नाबार्ड समर्थित मौन पालन एवं कृषि-बागवानी आधारित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन और संचालन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन सामाजिक विकास एवं प्रबंध समिति अल्मोड़ा के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक गिरीश चंद्र पंत और सेवानिवृत्त वरिष्ठ कीट विज्ञानी डॉ. पी. एस. कनवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के मुख्य कार्यकारी शंभू दत्त जोशी ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनपद के विभिन्न विकासखंडों में एफपीओ के सुदृढ़ गठन, संचालन और सहकारिता को मजबूत करने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि एफपीओ को आत्मनिर्भर बनाते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता और उद्योग विभागों की भूमिका पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक विधि से मौन पालन को आय का स्थायी स्रोत बनाने पर जोर दिया गया। डॉ. पी. एस. कनवाल और अन्य विशेषज्ञों ने मौन पालन में आधुनिक तकनीक, रोग प्रबंधन और गुणवत्ता सुधार की जानकारी दी। उद्यान विभाग की सहायक विकास अधिकारी रेनु अधिकारी ने एफपीओ को विभागीय सहयोग और स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग की आवश्यकता पर बल दिया। सहकारी समिति कुवाली की सचिव ने एफपीओ को एक व्यावसायिक इकाई के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताते हुए दीर्घकालिक योजना पर जोर दिया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक गिरीश चंद्र पंत ने एफपीओ की संरचना, प्रबंधन और वित्तीय सहायता योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यशाला में भितारकोट, मझोली और कफलना क्षेत्रों के किसान, मौन पालक और एफपीओ प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में शंभू दत्त जोशी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से एफपीओ को मजबूत कर किसानों को बेहतर बाजार और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण आजीविका को नई दिशा मिल सकेगी।

## महिलाओं को बेकरी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया

चमोली(आरएनएस)। पलायन आयोग की ओर से बमोथ गांव में महिलाओं को बेकरी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न क्लस्टर की करीब 28 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं ने बंद, बिस्कुट, ब्रेड, केक, फैन, पेटीज आदि बनाना सीखा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों स्थानीय बाजार में हाथों हाथ बिक गए। अब महिलाएं इसे अन्य बाजारों सहित सरकारी कार्यक्रमों में ब्रिकी करने की योजना बना रही हैं। बमोथ के मिनी सचिवालय में गंगनाली क्लस्टर से जुड़ी महिलाओं को बेकरी के उत्पादों का प्रशिक्षण दिया गया। क्लस्टर की अध्यक्ष जशोदा देवी, गुड्डी देवी, हेमलता और रोशनी आदि ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाओं ने पहाड़ी उत्पादों से मंडुवे और जीरा बिस्किट आदि भी बनाए। सभी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद भी किया। एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर मयंक कुमेड़ी ने बताया कि कुछ समय बाद फिर से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि महिलाएं इस कार्य में निपुण हो सकें। वहीं पोखरी के खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी ने बताया कि महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण लाभकारी साबित होगा।

## क्रिकेट क्लब टोलधार ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

पौड़ी(आरएनएस)। मां शाकम्बरी क्रिकेट समिति का 35वां टूर्नामेंट क्रिकेट क्लब टोलधार (भरपूर) के नाम रहा। क्रिकेट क्लब टोलधार ने आरसीसी देवप्रयाग को 70 रनों से हराया। टूर्नामेंट में टिहरी और पौड़ी जिले की 36 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए टोलधार ने 20 ओवर में 173 रन बनाए। लक्ष्य हासिल करने उतरी आरसीसी की पूरी टीम 103 रन पर ऑल आउट हो गई। फाइनल मैच की विजेता टोलधार की टीम को विधायक विनोद कंडारी ने ट्रॉफी व 31 हजार एवं उपविजेता आरसीसी, बाहबाजार देवप्रयाग को समाजसेवी रतन सिंह ने ट्रॉफी व 11 हजार की राशि प्रदान की। टूर्नामेंट में 21 विकेट व 65 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज सहित बेस्ट गेंदबाज रहे कमल रावत को सभासद राहुल कोटियाल ने एक 1100 रुपये की राशि व ट्रॉफी प्रदान की। वहीं कप्तान सुरेश 111 रन बनाकर बेस्ट बैट्समैन बने। इस मौके पर समिति अध्यक्ष सुरेश कोटियाल, सचिव राजेश रावत ब्रिन्नी, कोषाध्यक्ष हवलदार सिंह, विकी, हरीश कोटियाल, शैलेन्द्र कोटियाल और यमुना प्रसाद अरविंद जियाल आदि मौजूद रहे।

## कोठियालसैंण में लगा एक किमी जाम

चमोली(आरएनएस)। चमोली-गोपेश्वर-ऊखीमठ हाईवे पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को कोठियालसैंण में करीब एक घंटे तक एक किमी तक वाहनों का जाम लगा रहा। लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए करीब तीन किमी पैदल चलना पड़ा। चमोली कोतवाली से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर निर्माण सामग्री सड़क पर रखी होने, निर्माण कार्य होने और सड़क किनारे वाहन खड़े होने से यहां जाम लग रहा है। इसके बाद भी यहां कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंगलवार को दोपहर ढाई बजे गोपेश्वर की ओर जा रहे वाहनों के साथ ही विपरीत दिशा से ट्रक आने से यहां जाम लग गया। देखते ही देखते एक किमी तक जाम लग गया। इसी दौरान स्कूली बच्चों को छोड़कर आने वाली बसें भी वहां पहुंचीं तो जाम बढ़ता गया। स्थानीय अमित कुमार ने कहा कि जाम न खुलने से उन्हें चमोली बाजार जाने में तीन किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ा। कई महिलाओं ने भी वाहन से उतरकर पैदल आवाजाही की। लोगों का कहना है कि यहां अक्सर जाम लगता है।

# यूसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने व प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

कोटद्वार(आरएनएस)। नगर निगम कोटद्वार और ब्लॉक कार्यालय दुगड्डा की ओर से यूसीसी के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को यूसीसी के बारे में जानकारी दी गई। बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में नगर निगम कोटद्वार की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू होने से समाज को ताकत मिलेगी और महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण हो सकेगा। नगर आयुक्त पीएल शाह ने कहा कि 27 मार्च, 2010 के बाद विवाह करने वालों लोगों को यूसीसी के तहत विवाह का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान बिष्ट, श्रेया नेगी, स्नेहा डबराल, चित्रकला प्रतियोगिता में मयंक मेहरा, आदर्श गौड़, अरहान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रियांशी, खुशी, अदिति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन करने वाले नगर निगम के सब रजिस्ट्रार तीरथ सिंह बिष्ट, सर्वाधिक यूसीसी आवेदन करने वाले सीएससी सेंटर संचालक सतीश सिंह नेगी, अनिल कुमार, रिंकी सजवाण को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व हेड हेरिटेज एकेडमी छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन सीपी नैथानी ने किया।

ब्लॉक मुख्यालय दुगड्डा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सूरज सिंह नेगी ने किया। बीडीओ बीडी रतूड़ी ने कहा कि कर्मचारी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के मध्य एक सेतु का कार्य करते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनूप जोशी व क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजमोहन सिंह नेगी ने यूसीसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर यूसीसी पंजीकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनिल कुंडलिया, संदीप कुमार, विवेक पंत, ग्राम प्रधान सिमलचौड़ रजनी देवी, मुरान्यूं की प्रधान रेखा रावत, देवलखाल के वारिस अहमद को डीएम ने सम्मानित किया। संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन के अध्यक्ष संतन सिंह बिष्ट ने किया।

# लोगों में बने हुए हैं अस्थमा से जुड़े ये प्रमुख भ्रम, जानिए इनकी सच्चाई

अस्थमा से दुनियाभर में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों की मौत होती है और इसका प्रमुख कारण इलाज में अनेदेखी करना और झूठी धारणाएं पालना है। दरअसल, अस्थमा को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जो बीमारी से ग्रस्त लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है या फिर शरीर को इसकी चपेट में लाने का कारण बन सकती हैं। आइए आज अस्थमा से जुड़े कुछ सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।

यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है कि इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी दवाइयां हैं। इनहेलर को बहुत कम खुराक में लिया जाता है और इसके कम दुष्प्रभाव होते हैं। यह लंबे समय तक उपयोग के लिए सुरक्षित है, लेकिन कई अस्थमा रोगी आज इनहेलर्स की तुलना में दवाइयां लेना ज्यादा सही समझते हैं। यह काफी हद तक अज्ञानता और इनहेलर्स के उचित उपयोग के बारे में जानकारी की कमी के कारण होता है।

कई लोग मानते हैं कि अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि इस बात की सच्चाई अलग ही है। इस बात का लगभग कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं है कि आहार से अस्थमा का इलाज या नियंत्रण किया जा सकता है। संतुलित आहार रोगियों को उनकी स्वास्थ्य स्थितियों को बेहतर करने में मदद कर सकता है, लेकिन आहार से अस्थमा का उपचार उपचार होने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले हैं।

आपका मानना भी यही है कि अस्थमा उम्र के साथ कम होता जाता है तो आप भ्रम के अलावा कुछ नहीं हैं। भले ही अस्थमा के लक्षण कम हो जाएं, लेकिन कुछ दिनों, महीनों या वर्षों के बाद गंभीर बीमारी के रूप में सामने आ सकते हैं। अस्थमा को डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित उपचार के जरिए बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है और जीवन के किसी भी चरण के दौरान बीमारी बढ़ने से बचना महत्वपूर्ण है।

यह अस्थमा से जुड़ा सबसे आम भ्रम है कि अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए, जबकि डॉक्टर ऐसा न करने की सलाह देते हैं। एक्सरसाइज अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद करती है, लेकिन अस्थमा के रोगियों को किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज का अभ्यास करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और अपनी क्षमतानुसार ही उनका अभ्यास करना चाहिए।

# बच्चों के डायपर में हो सकते हैं 10 हजार से ज्यादा वायरस!

घर में छोटे बच्चे होने से रौनक बनी रहती है। बच्चे का खेलना, हंसना दिल को काफी सकून देते हैं। अपने बच्चे को आप डाइपर तो पहनाते ही होंगे। इससे बच्चे और खुद आपको भी सुविधा रहती है।पहले के समय में बच्चे को यूरिन के गीलेपन से बचाने के कपड़े की लंगोट पहनाई जाती थी। इसके बाद डाइपर्स का जमाना आया और अब हर मां बाप अपने को डाइपर ही पहनाते हैंलेकिन क्या आपको पता है कि हर वक्त बच्चे को बाजार के डाइपर पहनाना खुद बच्चे के लिए काफी नुकसानदेय है।

डॉक्टर बताते हैं कि बाजार में मिलने वाले डाइपर्स को लीक प्रूफ पॉलिमर से बनाया जाता है। ये पॉलिमर पर एब्जोर्बेंट होते हैं जो जल्दी सोखते हैं और इनके अंदर खुशबू वाले कैमिकल भी मिलाए जाते हैं। आपको बता दें कि नेचर माइक्रोबायोलॉजी जर्नल में छपी एक खबर में कहा गया है कि हाल में ही में हुए एक अन्तरराष्ट्रीय शोध में बच्चों के इन डाइपर्स में करीब दस हजार से ज्यादा वायरस पाए गए। इनमें से 16 वायरस की पहचान तक हो गई है। यानी बच्चों को पूरे दिन डायपर पहना कर रखने वाले मां बाप बच्चों को इन खतरनाक वायरस के हवाले कर रहे हैं। इन डाइपर्स के काफी नुकसान होते हैं, इससे स्किन पर ना केवल रैशेज पड़ते हैं बल्कि अस्थमा जैसी बीमारी भी हो सकती है।

अपने छोटे बच्चे को वायरस और कई गंभीर बीमारियों से बचाने का एक तरीका है कि आप अपने बच्चे को कपड़े से बना नैपकिन पहनाएं। ये गीला तो होगा लेकिन इसकी सॉफ्टनेस से बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा। अपने घर में ही साफ और कॉटन के लंगोट बना लीजिए और कई सारे सेट रखिए ताकि बच्चा एक गीला करें तो दूसरा पहना सकें। इससे आपका बच्चा आराम भी महसूस करेगा और बीमारियों से सुरक्षित भी रहेगा। जरूरी नहीं कि बच्चे को 24 घंटे डायपर पहनाया जाए। उसे कुछ देर के लिए बिना किसी लंगोट या नैपी के छोड़ना भी उसकी सेहत के लिए काफी अच्छा होगा। इससे उसके हाथ पैर आराम महसूस करेंगे, उसके निजी अंगों को अच्छी हवा मिलेगी और उसका हाइजीन भी बढ़ेगा।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# सर्दियों में कपड़े धोने से जुड़ी इन गलतियों से बचें!

सर्दियों में कपड़े धोने का तरीका गर्मियों के मुकाबले काफी अलग होता है। इस मौसम में कपड़े धोने से लेकर सुखाने और स्टोर करने तक कई ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जो कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के लिए अगर गीले कपड़ों को ठीक से सुखाया न जाए तो इससे उनमें फफूंद लग सकती है। आइए आज हम आपको सर्दियों में कपड़े धोने से जुड़ी कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं।




गीले कपड़ों को धोने के बाद मशीन में छोड़ना

कई लोग गीले कपड़े धोने के बाद उन्हें वॉशिंग मशीन में छोड़ देते हैं, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। गीले कपड़े अगर ज्यादा देर तक मशीन में पड़े रहते हैं तो उनमें फफूंद लग सकती है, जिससे कपड़े खराब हो सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप गीले कपड़ों को धोने के बाद उन्हें तुरंत सुखा दें। इससे कपड़े लंबे समय तक अच्छे बने रहेंगे।

कपड़ों को मशीन में ज्यादा देर तक घुमाना

कई लोग यह मानते हैं कि कपड़ों को ज्यादा देर तक घुमाने से वे अच्छे से साफ हो जाएंगे, लेकिन ऐसा करना सही नहीं है। कपड़ों को ज्यादा देर तक वॉशिंग मशीन में घुमाने से उनके धागे कमजोर हो सकते हैं और कपड़े जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए कपड़ों को धोने के लिए वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल करते समय उन पर ज्यादा जोर न डालें। इससे कपड़े सुरक्षित रहेंगे।

ज्यादा डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना

कपड़े धोने के लिए ज्यादा डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना भी नुकसानदायक हो सकता है। इससे न सिर्फ कपड़े साफ नहीं होते, बल्कि उनकी चमक भी खराब हो जाती है। ज्यादा डिटर्जेंट के कारण कपड़ों में खुजली और चकत्ते जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा इससे पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए हमेशा डिटर्जेंट का सही मात्रा में ही इस्तेमाल करें।



गीले कपड़ों को तह लगाना

अगर आप गीले कपड़ों को तह लगाकर स्टोर कर देते हैं तो ऐसा करने से इन पर फफूंद या बदबू लग सकती है। इससे कपड़ों की गुणवत्ता खराब हो सकती है और उन्हें पहनने लायक बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। इसलिए गीले कपड़ों को हमेशा लटकाकर सुखाएं या उन्हें किसी बड़े बैग में स्टोर करें। इससे कपड़े सुरक्षित रहेंगे।

गीले कपड़ों को छोटे बैग में रखना

कई लोग गीले कपड़ों को छोटे बैग में रख देते हैं, लेकिन ऐसा करने से कपड़ों में नमी रह सकती है, जिससे उनमें फफूंद लग सकती है। इसलिए छोटे बैग में गीले कपड़े रखने की बजाय उन्हें किसी बड़े बैग में स्टोर करना अच्छा है। इससे कपड़े लंबे समय तक सुरक्षित रहेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -024


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# लापता बच्चियों की गुत्थी सुलझाने के मिशन पर लौटीं रानी मुखर्जी

रानी मुखर्जी ने इंडियन सिनेमा में अपने तीन दशक पूरे कर लिए हैं। साल 1996 में रानी ने फिल्मों में कदम रखा था और उनका सफर आज भी जारी है। इस मौके पर आज उनकी क्राइम एक्शन फिल्म मर्दानी 3 का धांसू और रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज हुआ है। रानी मुखर्जी एक बार फिर अपने शिवानी शिवाजी रॉय वाले कड़क पुलिस इंस्पेक्टर के रोल में नजर आ रही हैं। मर्दानी 3 का ट्रेलर दर्शकों को बेचैन करने वाला है। रानी ने एक बार फिर अपने अभिनय से अपने फैंस को चौंका दिया है।

मर्दानी 3 का ट्रेलर तकरीबन सवा तीन मिनट का है, जिसकी शुरुआत ही डराने वाली है। एक बच्ची अपने दोस्तों संग हाइड एंड सीक खेलती हैं कि इतने में उसका अपहरण हो जाता है। फिर स्क्रीन पर एक लाइन लिखी आती है कि हर हफ्ते देश की कई बच्चियों लापता हो रही हैं। फिर कहानी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से शुरू होती है, जहां से दो छोटी बच्चियां खेलते समय किडनैप हो गईं।

इसके बाद रानी मुखर्जी की खाकी वर्दी में एंट्री होती है और इस बार वह एनआईए में नई जिम्मेदारी के साथ आई हैं। रानी को बताया जाता है कि केस बहुत अर्जेंट हैं और इसमें उन्हें कोई छुट्टी नहीं मिलेगी। ट्रेलर में आगे रानी अपने मिशन की शुरुआत करती हैं और पिछले तीन महीने में कितनी बच्चियां देश से गायब हुई हैं, उसकी लिस्ट मांगती हैं। इसके बाद ट्रेलर में बच्ची को अगवा करने वाली अम्मा से रानी का सामना आता है और यह देखने को मिलता है कि देश से कैसे और क्यों बच्चियां गायब हो रही हैं। ट्रेलर में अपहरण बच्चियों संग हो रहे बर्ताव वाले सीन दिल दहला देने वाले हैं।

रानी मुखर्जी के होम प्रोडक्शन यशराज बैनर तले बनी फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा और को-निर्माता अक्षय विद्यवानी हैं। फिल्म का स्क्रीनप्ले और डायलॉग आयुष गुप्ता ने लिखे हैं। फिल्म आगामी 30 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। बता दें, सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का पहला पार्ट मर्दानी साल 2014 में रिलीज हुआ था, जिसे प्रदीप सरकार ने डायरेक्ट किया था। वहीं, फिल्म का दूसरा पार्ट 5 साल बाद 2019 में रिलीज हुआ था, जिसके डायरेक्टर गोपी पुथरन थे। फिल्म के दोनों ही पार्ट दर्शकों को खूब भाए थे और अब ट्रेलर देखकर लगता है कि फिल्म का तीसरा पार्ट और भी ज्यादा दमदार होने जा रहा है।

# प्रियंका चोपड़ा द ब्लफ में दिखाएंगी खूनी खेल, दमदार पोस्टर हुआ जारी

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की बहुप्रतीक्षित फिल्म वाराणसी का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। उससे पहले अभिनेत्री ने प्रशंसकों को तोहफा देते हुए आगामी फिल्म द ब्लफ का ऐलान किया है। फिल्म से अपनी पहली झलक भी जारी कर दी है।

फिल्म का निर्माण रूसो ब्रदर्स ने मिलकर किया है, जबकि निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स ने किया है। द ब्लफ की कहानी 18वीं सदी की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें प्रियंका, एर्सेल बॉडेन नाम का किरदार निभा रही हैं।

द ब्लफ के पोस्टर में प्रियंका का खूंखार अवतार देखने को मिल रहा है। हाथ में तलवार लेकर वह तबाही मचाने को तैयार हैं। फिल्म ब्लड मैरी नाम से मशहूर समुद्री डाकू से इंस्पायर है। पोस्टर देखकर एक यूजर ने लिखा, सचमुच तबाही मचाने के लिए तैयार है। दूसरे ने लिखा, वाह, ये तो जबरदस्त है! वहीं अन्य लोग अभिनेत्री को फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं। फिल्म 25 फरवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज की जाएगी।

# थिएटर में दस्तक देगी चर्चित सीरियल भाबी जी घर पर हैं पर बनीं फिल्म

सीरियल भाबी जी घर पर हैं' टीवी पर कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अब इस सीरियल के किरदार और कहानी को दर्शक बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखेंगे। जानिए, कब रिलीज हो रही है ये फिल्म?

सीरियल भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं।

फिल्म भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैलेंटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

सीरियल भाबी जी घर पर हैं की कहानी में कानपुर के मोहल्ले में दो कपल्स का जोड़ा रहता है। सीरियल में जो पुरुष हैं, वह एक-दूसरे की पत्नियों को पसंद करते हैं। इस ट्रैक पर ही सीरियल चलता है। सीरियल में कॉमेडी जमकर होती है। कई अजब-गजब किस्म के किरदार इसमें नजर आते हैं। यह सीरियल कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है।

# तमन्ना भाटिया की कई फिल्में रिलीज को तैयार!



सिनेमा की दुनिया में अपनी अदाकारी, डांस और ग्लैमर से जगह बनाने वाली तमन्ना भाटिया साउथ और बॉलीवुड में अपनी खास जगह बना चुकी हैं। स्त्री 2 के गाने आज की रात से सोशल मीडिया पर तहलका मचाने वाली तमन्ना आने वाले दिनों में अपनी नई फिल्मों और नए किरदारों से दर्शकों को बेहद रोमांचक सफर पर ले जाने वाली हैं। तमन्ना 36 साल की हो गई हैं। एक नजर तमन्ना भाटिया की आने वाली चर्चित फिल्मों पर।

विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही फिल्म ओ रोमियो के हीरो शाहिद कपूर हैं। इसमें तमन्ना बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। ये पहला मौका होगा, जब तमन्ना को शाहिद कपूर के साथ देखा जाएगा। ओ रोमियो में तमन्ना के साथ 900 करोड़ी एनिमल दे चुकीं तृप्ति डिमरी भी होंगी। विक्रांत मैसी और दिशा पाटनी भी फिल्म का हिस्सा हैं। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। ये फिल्म 13 फरवरी, 2026 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी।

भारतीय सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्देशक वी शांताराम की बायोपिक फिल्म भी तमन्ना के खाते से जुड़ी है, जो उनके करियर की दिशा और दशा दोनों बदलकर रख देगी। सिद्धांत चतुर्वेदी इस फिल्म में वी शांताराम की भूमिका निभा रहे हैं और तमन्ना इसमें शांतारम की पत्नी और अभिनेत्री जयश्री का किरदार निभाएंगी। फिल्म से उनकी पहली शानदार झलक भी सामने आ चुकी है। अभिजीत देशपांडे के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में फरदीन खान भी हैं।

तमन्ना फिल्म रेंजर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन हैं, जो पहले फिल्म हिम्मतवाला में तमन्ना के साथ दिखे थे। मिशन मंगल वाले जगन शक्ति रेंजर का निर्देशन कर रहे हैं। उधर निर्माता एकता कपूर की हॉरर फ्रेंचाइजी रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में अब तमन्ना लीड रोल में होंगी। ये हॉरर-कॉमेडी होगी और तीसरे भाग को इस फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बनाने की योजना है।

एकता की एक और फिल्म वन् फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में भी तमन्ना मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बनी है। ये फिल्म 15 मई, 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी ओर तमन्ना की जॉन अब्राहम के साथ एक फिल्म आ रही है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी ये फिल्म पूर्व पुलिस आयुक्त राकेश मारिया की बायोपिक है, जिसमें तमन्ना, राकेश की पत्नी प्रीति मारिया की भूमिका में दिखेंगी।

# दिल तो कश्मीर में ही बसता है: फरहाना



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की रहने वाली फरहाना ने बिग बॉस 19 में शानदार प्रदर्शन किया। फरहाना ने कश्मीर के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। फरहाना का कहना है कि बिग बॉस से निकलने के बाद वे अगर कहीं जाना चाहती थीं तो वह कश्मीर है, क्योंकि यह उनकी मातृभूमि है, जहां से वे जुड़ी हैं और वहीं उनका दिल बसता है। उन्होंने कहा, बिग बॉस से बाहर आने के बाद यह मेरी कश्मीर की पहली यात्रा है। यह अनुभव बहुत अलग और खास है। मैंने कई देशों और राज्यों की सैर की है, लेकिन मैंने अपनी टीम से साफ कह दिया था कि सबसे पहले मुझे कहीं जाना है तो वह मेरा कश्मीर ही होगा। यह मेरी मातृभूमि है, जहां से मैं जुड़ी हूं।

अभिनेत्री ने बताया कि वह यह जानना चाहती थीं कि कश्मीर के लोग उन पर काफी गर्व करते हैं या नहीं, क्या वे उनसे प्यार करते हैं या नहीं।

फरहाना ने कहा, मेरी टीम मुझे लगातार बताती रहती थी कि कश्मीर के लोग तुम पर बहुत गर्व करते हैं और साथ ही खूब सपोर्ट भी करते हैं। मैंने जब यह सुना तो मैं हैरान हो गई थी। घर पहुंचकर जब मैंने पूछा कि यहां क्या चल रहा है, तो सबने बताया कि लोग तुम्हें बहुत प्यार और सपोर्ट दे रहे हैं।

इसी के साथ फरहाना ने अपने पुराने अनुभवों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने बॉलीवुड में लैला मजनू और नोटबुक जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन तब लोगों ने मुझे उतना पसंद नहीं किया था। शायद इसलिए क्योंकि मैं सिर्फ एक किरदार निभा रही थी, लेकिन इस बार बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में लोगों ने मेरा असली रूप देखा, मेरी सच्ची पहचान जानी, इसलिए उन्होंने मुझे इतना प्यार दिया।

# विकसित भारत की गारंटी से बदलेगी गांवों की तस्वीर

हरिद्वार(आरएनएस)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) से जुड़ा विधेयक संसद में पारित होना विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। मंगलवार को रानीपुर विधानसभा के नवोदय नगर मंडल में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भट्ट ने कहा कि इस योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देशभर में सम्मेलन कराए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और जिला पंचायत सदस्य इस योजना के नियमों को भली-भांति समझें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जाएगी। श्रमिकों को साप्ताहिक वेतन मिलेगा, जो डीबीटी से सीधे उनके बैंक खातों में आएगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह भ्रम फैलाकर इस जनहितकारी योजना का विरोध कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे जनता को सच्चाई से अवगत कराएं। इस दौरान मेयर किरन जैसल, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता चमोली, प्रदेश सह मीडिया संयोजक विकास तिवारी, जिला सह प्रभारी दीपक धमीजा, दर्जाधारी डॉ. जयपाल सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, संजीव चौधरी, संयोजक तरुण नैय्यर, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, आशु चौधरी, संदीप अग्रवाल, निपेंद्र चौधरी, सीमा चौहान, रिशु चौहान आदि मौजूद रहे।

# यूकेडी कार्यकर्ताओं का तहसील में प्रदर्शन

कोटद्वार(आरएनएस)। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने लिव इन रिलेशन कानून एवं एक वर्ष उत्तराखंड में निवास पर स्थायी निवास कानून को समाप्त करने को लेकर सोमवार को तहसील में नारेबाजी करते हुए सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश में मूल निवास कानून लागू करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में तहसील प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 27 जनवरी, 2025 को प्रदेश में यूसीसी लागू किया जिसमें लिव इन रिलेशन और प्रदेश में एक वर्ष से निवास करने पर बाहरी राज्यों के वासियों को स्थायी निवासी घोषित किया गया है। कानून के लागू होने से पहले दल की ओर से घोर आपत्तियां दर्ज कराई गई। आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने यूसीसी में जबरन देवभूमि की संस्कृति, समाज व युवाओं को दूषित करने वाले लिव इन रिलेशन कानून को मान्यता प्रदान की है और उत्तराखंड में मात्र एक वर्ष तक निवास करने वाले बाहरी राज्यों के लोगों को स्थायी निवासी बनाने की व्यवस्था की है जिसका दल पुरजोर विरोध करता है। साथ ही इन्हें समाप्त कराने के लिए संघर्षरत है। चेतावनी दी कि दोनों कानून के समाप्त होने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों में वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, हरीश चंद्र द्विवेदी, विनोद कुमार अग्रवाल, गणेश रावत, ओम प्रकाश घनसेला, हरेंद्र सिंह, जगदीपक सिंह रावत, हरीश चंद्र ध्यानी, सत्यपाल सिंह नेगी, संजय खंतवाल, पुष्कर सिंह रावत, विनोद सिंह चौधरी, भारत मोहन काला, गुलाब सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## सू- दोकू क्र.024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# व्यापार मंडल चुनाव- विभिन्न पदों के लिए 11 नामांकन दाखिल

रुद्रपुर(आरएनएस)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के चुनाव में सोमवार को कुल 11 नामांकन दाखिल हुए। नामांकन जांच में सभी पर्चे सही पाए गए। मंगलवार को नाम वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया, जिससे सभी 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी महेश जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए रबीश भटनागर, अमन अरोड़ा व तारा दत्त कांडपाल ने नामांकन किया। महामंत्री पद पर कश्यप मोटवानी, विजय गुप्ता, रवि अग्रवाल, गुलफाम अली, मोहम्मद शरीफ और कोषाध्यक्ष पद के लिए गौरव अग्रवाल, शुभम गोयल, मोहम्मद जरीफ प्रत्याशी हैं। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष पद पर रबीश भटनागर को छाता, तारा दत्त कांडपाल को उगता सूरज और अमन अरोड़ा को कार चुनाव चिह्न मिला है। महामंत्री पद पर गुलफाम अली को पतंग, कश्यप मोटवानी को ट्रैक्टर, मोहम्मद शरीफ को गैस सिलेंडर, रवि अग्रवाल को केतली और विजय गुप्ता को गुड़िया चिह्न दिया गया है।

कोषाध्यक्ष पद के लिए गौरव अग्रवाल को शेर, मोहम्मद जरीफ को हवाई जहाज और शुभम गोयल को कप-प्लेट चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। इस दौरान अनिल बत्रा मुख्य चुनाव अधिकारी, रमेश अग्रवाल, अमित वर्मा चुनाव अधिकारी एवं चुनाव संचालन समिति के सदस्य दिगम्बर गुप्ता, देवेन्द्र कन्याल, जितिन ग्रोवर, मोहम्मद अकरम, वसीम अहमद, पूरन बिष्ट, सुमित गुम्बर, पवन अग्रवाल, विशाल गोयल, अराफ़ात अंसारी, आशीष अग्रवाल, दलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई

पिथौरागढ़(आरएनएस)। झूलाघाट पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने पर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को वाहन चालक भूपेन्द्र सिंह धारियाल नशे की हालत में मिला। पुलिस ने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कर वाहन सीज कर लिया है।

# पर्यावरण बटालियन की कंपनियों को शिफ्ट करने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

पिथौरागढ़(आरएनएस)। सीमांत से 130 पर्यावरण बटालियन की दो कंपनियों को शिफ्ट करने के विरोध में पूर्व सैनिक संगठन का अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया है। मंगलवार को यहां पूर्व सैनिकों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन से पर्यावरण बटालियन की कंपनियों को अन्यत्र न भेजने की गुहार लगाई है।

नगर के टकाना स्थित रामलीला मैदान में पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष मयूख भट्ट के नेतृत्व में दिवाकर सिंह बोहरा, श्याम विश्वकर्मा, हर सिंह मेहता, बलवंत सिंह, एलआर सोनी, जगत सिंह, उमेश सिंह, चंद्र सिंह, केसी पंत, नवीन सिंह, जगदीश सिंह, हिम्मत सिंह, भगवान रौतेला समेत बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक धरने में मौजूद रहे।

# ट्रक बिक्री का झांसा देकर 10.90 लाख रुपये ठगे

रुद्रपुर(आरएनएस)। ट्रक बिक्री का झांसा देकर आरोपियों ने एक व्यक्ति से ऑनलाइन 10.90 लाख रुपये की ठगी कर ली।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जगजीत सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी लालपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अक्तूबर 2025 को उन्होंने सोशल मीडिया एप पर एक ट्रक का विज्ञापन देखा था। इस पर उन्होंने विज्ञापन में लिखे मोबाइल फोन नंबर पर कॉल की।

फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सुमित कुमार बताया और कहा कि उनका दिल्ली में जेएस ट्रक सेल्स नाम से ऑफिस है। वह एक फाइनेंस कंपनी के ट्रक की खरीद-फरोख्त देखते हैं। उसने विश्वास दिलाने के लिए अपना आधार कार्ड भेजा। इस पर उन्होंने झांसे में आकर विभिन्न तारीखों में ऑनलाइन कुल 10.90 लाख रुपये की रकम भुगतान कर दी।

भुगतान के बाद वह अपने परिचित मुख्तयार सिंह के साथ ट्रक लेने शुभम पार्किंग यार्ड सिलीगुड़ी वेस्ट बंगाल गए। वहां जाकर उन्हें पता चला कि यह ट्रक फाइनेंस कंपनी की ब्रांच हाजीपुर बिहार में है।

उन्होंने कंपनी के कर्मचारी से मोबाइल पर बात की। कर्मचारी ने बताया कि यह ट्रक बिक्री का नहीं है। उसने कहा कि उनके कैंसिल चेक भेजने पर वह रकम रिफंड कर देगा। आरोप लगाया कि सुमित कुमार ने अपने पार्टनर प्रशांत व कुमार लाल के साथ मिलकर साजिश करते हुए ऑनलाइन फ्राड किया है। कोतवाल प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 25 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# ग्राम पंचायतों को मिले खनन पट्टों में हल्का चुगान का अधिकार

पौड़ी(आरएनएस)। बागवान ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए, समाजसेवी गणेश भट्ट के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को नदी किनारे पत्थर और रेत से राजस्व ही प्राप्त करना है तो सरकार को स्थानीय ग्राम पंचायतों को उक्त खनन पट्टों पर हल्का चुगान का अधिकार संबंधित ग्राम पंचायतों को दे देना चाहिए।

.गणेश भट्ट ने कहा कि स्थानीय घोड़ा-खच्चर संचालकों को रेत और नदी के पत्थर ले जाने के लिए लाइसेंस जारी करने चाहिए जिससे उनके रोजगार के साथ-साथ ग्राम पंचायत और राज्य सरकार को लंबे समय तक राजस्व भी प्राप्त होता रहे। इसके साथ ही उन्होंने मलेथा में रेलवे परियोजना से क्षतिग्रस्त हुए भवनों के मुआवजे के लिए पुनः मूल्यांकन करने और वन विभाग की ओर से गुलदार से निजात दिलाने के लिए तल्याकोट जाबर आदि गांवों के आस-पास पिंजरा लगाने की मांग भी की गई।

# खटीमा के बिरिया मझोला में गुलदार के हमले में महिला घायल

रुद्रपुर(आरएनएस)। किलपुरा रेंज के बिरिया मझोला में सोमवार को गुलदार के हमले में एक महिला घायल हो गई। वहीं खटीमा रेंज के पुन्नापुर में गुलदार ने हमला कर नीलगाय मार दी। खटीमा की तीनों रेंज में गुलदार का आतंक है। इससे लोगो में दहशत का माहौल है। सोमवार को बिरिया मझोला में घर के आंगन में खड़ी 40 वर्षीय जुलेखा पत्नी सुलेमान पर गुलदार ने हमला कर दिया। जुलेखा की चीख-पुकार पर परिजन और पड़ोसियों के आने से गुलदार भाग गया। सूचना पर वन दरोगा राजेंद्र राणा ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। वन दरोगा ने बताया कि घायल महिला को 108 एंबुलेंस से उप चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। वन दरोगा खीमानंद आर्य ने बताया कि रविवार को भी देवकला में गुलदार दिखाई दिया था। इस पर वहां ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

# रुद्रपुर में पत्रकार के घर से लाखों के जेवर, नकदी चोरी

रुद्रपुर(आरएनएस)। रुद्रपुर में इन दिनों चोरों ने दहशत फैला रखी है। बीते चार दिनों में चोरों ने शहर के पांच बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी और जेवर चोरी कर लिए हैं। ताजा मामला रुद्रपुर के वरिष्ठ पत्रकार के घर का है, जहां चोरों ने बंद मकान को खंगालते हुए लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। नैना कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार सत्यपाल अरोड़ा ने बताया कि वह 9 जनवरी को घर में ताला लगाकर देहरादून गए थे, जबकि उनकी पत्नी बिजनौर गई हुई थीं। सोमवार सुबह जब वह पत्नी के साथ घर लौटे तो गेट का ताला लटका मिला। अंदर कमरे खुले हुए थे और अलमारी, डबल बेड सहित सामान बिखरा पड़ा था। चोर 6 तोला सोने के जेवर और करीब डेढ़ लाख की नकदी चोरी कर ले गए। इससे पहले ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दो घरों और एक जनसेवा केंद्र में चोरी की घटनाएं हुई थीं। वहीं रविवार को प्रीत विहार में दिनदहाड़े एक ट्रांसपोर्टर के घर से 36 लाख के जेवर और दो लाख की नकदी चोरी कर ली गई थी।



# राज्यपाल से मिले उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व अन्य सदस्य

संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से लोक भवन में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल एवं आयोग के अन्य सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट कर आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

आज यहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से लोक भवन में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल एवं आयोग के अन्य सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट कर आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को दी गई। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा अपनाई जा रही नवाचारी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि आयोग को अपने कार्यों में अधिक से अधिक नवीन तकनीक का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आयोग पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के उच्चतम मानकों पर सदैव खरा उतरे। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि आयोग के 25 वर्षों के अनुभवों, चुनौतियों एवं उपलब्धियों को संकलित करते हुए एक पुस्तक का प्रकाशन किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने में सहायता मिल सके। साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ प्रक्रियाओं (बेस्ट प्रैक्टिसेज) का अध्ययन कर उन्हें आवश्यकतानुसार लागू करने की भी बात कही। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025 में आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के माध्यम से कुल 3,149 अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति शासन को प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन की प्रक्रिया पर भी कार्य प्रगति पर है, जिससे मूल्यांकन प्रणाली को अधिक त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सके। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा जारी परीक्षाओं से संबंधित समस्त सूचनाएँ सीधे प्राप्त हो सकेंगी। अध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया कि अभ्यर्थियों को उनके प्राप्तांक देखने की सुविधा प्रदान करने हेतु आयोग द्वारा एक नई व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिसके अंतर्गत अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर लॉग-इन कर अपने प्राप्तांक आसानी से देख सकेंगे। इस अवसर पर लोक सेवा आयोग के सदस्य अनिल कुमार राणा, नंदी राजू श्रीवास्तव, डॉ. रिचा गौर, सचिव अशोक कुमार पांडे, परीक्षा नियंत्रक जयवर्धन शर्मा एवं व्यवस्थाधिकारी सुनील भट्ट उपस्थित रहे।

# फोन पर लिंक भेजकर 3 लाख रुपये ठगे

संवाददाता

देहरादून। फोन पर लिंक भेजकर तीन लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार समृद्धि एन्क्लेव मोहकमपुर निवासी कीर्तिराम रावत ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको व्हटसएप के माध्यम से लिंक भेजकर उसके फोन पर मैसेज कर उसके खाते से तीन लाख 6 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# घर के बाहर से स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसारा मधुर विहार निवासी अनिल बिष्ट ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मातहत के सम्मुख अभिभावक की भूमिका.. ◄◄ पृष्ठ 2 का शेष

चौहान, कार्यालय क्षेत्राधिकारी मंगलौर से का. पंकज पाण्डेय, दूरसंचार से का. सन्तोष चौहान, फायर सर्विस रुड़की से फायरमैन सुनील सिंह, पुलिस लाईन हरिद्वार से का. जय सिंह, आईआरबी प्रथम बी दल से का. पंकज मेहता, अभियोजन कार्यालय से का. जितेन्द्र रावत, एएनटीएफ उ.नि. विक्रम सिंह बिष्ट, कार्यालय पुलिस अधीक्षक यातायात से म.का.किरन, सीपीयू हरिद्वार से का. अशोक कुमार, यातायात रुड़की से अ.उ. नि. मनोज कुमार, पीसी-3 से का.शीशपाल राणा, एमसीयू हे.कां. अशोक कुमार व नेफिस से कां. दिगम्बर शामिल है।

# फिल्म 'गोदान' का टीजर, गाना और पोस्टर लॉन्च

संवाददाता

देहरादून। पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय में कामधेनु इंटरनेशनल प्रोडक्शन के बैनर तले गौ माता के महत्व पर बनी फिल्म 'गोदान' के टीजर, गाने और पोस्ट लॉन्च किया।




आज यहां प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय में कामधेनु इंटरनेशनल प्रोडक्शन के बैनर तले गौ माता के महत्व पर बनी फिल्म 'गोदान' के टीजर, गाने और पोस्ट लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन की आत्मा गौमाता में बसती है। आज के समय में जब हम अपनी जड़ों से दूर हो रहे हैं, यह फिल्म गुम हो रही गौमाता को बचाने और उनकी अहमियत को समझाने की एक बड़ी कोशिश है।

उन्होंने फिल्म निर्माण के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों बदलाव के एक बड़े दौर से गुजर रही है। अब यहाँ की फिल्में केवल पारंपरिक, पारिवारिक कहानियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि फिल्म निर्माता और निर्देशक अब सामाजिक मुद्दों से लेकर सस्पेंस-थ्रिलर जैसे अलग-अलग और लीग से हटकर विषयों पर फिल्में बना रहे हैं। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री श्री महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में गौमाता की अहमियत को समझाने के लिए विनोद चौधरी के निर्देशन में बनी फीचर फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी 2026 से पूरे देश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। 'गोदान' फिल्म को वैज्ञानिक नजरिये के साथ प्रस्तुत कर फिल्म के निर्माता निर्देशक, कलाकारों और गेस्ट ने समाज को एक बड़ा मैसेज देने का काम किया है। यह फिल्म केवल किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि देश के युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ने का एक मजबूत जरिया है।

महाराज ने कहा कि उनका विश्वास है कि अगर गौ हत्या जैसे अपराधों में शामिल लोग एक बार इस फिल्म को देख लें, तो उनका हृदय परिवर्तन अवश्य होगा।

उन्होंने बताया कि 40 करोड़ रुपये की लागत से बनी फिल्म 'गोदान' की भव्यता को दर्शाने के लिए इसकी शूटिंग उत्तराखंड की वादियों, नोएडा, मथुरा और मुंबई के विभिन्न स्थानों पर की गई है। फिल्म की कहानी को जीवंत बनाने के लिए इसमें कई सच्ची घटनाओं को भी शामिल किया गया है। 'गोदान' फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ एक गंभीर सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश भी लेकर आ रही है। फिल्म गोदान के टीजर, गाने और पोस्ट लॉन्चिंग के अवसर पर श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विश्व संवाद केंद्र के प्रबंधक सुरेंद्र मित्तल, कामधेनु गौशाला समिति की सदस्य सुश्री मनिका शर्मा सहित टीम के कई सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने खोली एक की हिस्ट्रीशीट, अंग्रेजी शराब के साथ 2 गिरफ्तार

संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एक की हिस्ट्रीशट खोली और दो को शराब के साथ गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय द्वारा पुलिस अधिकारियों को अपराधियों की धरपकड के साथ आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों व अभ्यस्त अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निराक्षक मनेरी प्रदीप सिंह तोमर द्वारा कोतवाली मनेरी क्षेत्र के अभ्यस्त रवीन्द्र सिंह राणा निवासी कामर, भटवाडी, उत्तरकाशी के लगातार अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त रहने पर हिस्ट्रीशीट खुलवायी गयी। हिस्ट्रीशीटर रवीन्द्र उपरोक्त के विरुद्ध पूर्व में कोतवाली मनेरी, कोतवाली उत्तरकाशी, थाना मुनिकीरेती, टिहरी गढवाल आदि में अवैध चरस की तस्करी के मामलें पंजीकृत हैं, जिस कराण उसकी निगरानी हेतु पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। वहीं प्रभारी निरीक्षक धरासू, मनोज असवाल के नेतृत्व में धरासू पुलिस की टीम द्वारा रात्रि को रुकम सिंह व राजू लाल नाम के 2 को क्रमशः 56 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब व 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर दोनो के विरुद्ध कोतवाली धरासू पर आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अलग-अलग मामले पंजीकृत किये गये।

# परिवहन विभाग में हुए भ्रष्टाचार की हो सीबीआई जांचः डंडरियाल

संवाददाता

देहरादून। देहरादून महानगर सिटी बस सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियालय ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर एआरआई पुणे, वहान डीलर व परिवहन आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों द्वारा गठजोड कर जो भ्रष्टाचार किया गया है उसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की।



आज यहां इसकी जानकारी देते हुए विजय वर्धन डंडरियाल ने कहा कि उनके द्वारा परिवहन मंत्री केन्द्र सरकार गडकरी को पत्र प्रेषित कर सीबीआई जांच की मांग की गयी है और कहा है कि एआरआई पुणे, वाहन डीलर व परिवहन आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों द्वारा गठजोड कर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को एआरएआई पुणे द्वारा 10 व्यक्तियों के बैठने वाले एम2 वाहन को स्वीकृति दी गयी। परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा 24 सितम्बर 2022 को एम2 वाहन में अनुमोदन कर पंजीकृत कराया गया।

उन्होंने कहा कि 10 मार्च 2023 को टाटा मैजिक एम2 वाहन को 10 व्यक्तियों के साथ बैठने की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त दोनों दिनांक के सर्टिफिकेट में कहीं भी हॉफ बॉडी कैनोपी या फुल बिल्ट वाहन नहीं दिर्शाया गया है। 31 जनवरी 2025 को एआरएआई पुणे द्वारा अपने सर्टिफिकेट में 10 व्यक्तियों के साथ वाहन को फुल बिल्ट बॉडभ दिखाया गया। उन्होने कहा कि भारत सरकार के द्वारा एम2 वाहनों की परिभाषा को ओवर रूल करने पर एआरएआई पुणे, वाहन डीलर एवं परिवहन आयुक्त कार्यालय के अधिकारी द्वारा सामूहिक रूप से किये गये भ्रष्टाचार की जांच नितांत आवश्यक है। उन्होंने मांग की है कि भारत सरकार द्वारा दिये गये नियमों के विपरीत इन वाहनों के पंजीकृत को निरस्त किया जाये।

# शहर की प्रमुख जगह पर लगेगी ऑटोमेटेड बोतल क्रशर मशीन



संवाददाता


देहरादून। नगर निगम परिसर के बाहर मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा शहर की पहली ऑटोमेटेड प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन का उद्घाटन किया गया।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए देहरादून नगर निगम द्वारा ऑटोमेटिक प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन की शुरुआत की गई है। नगर निगम परिसर के बाहर मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा शहर की पहली ऑटोमेटेड प्लास्टिक बोतल क्रैशर मशीन का उद्घाटन किया गया। नगर निगम देहरादून द्वारा ऑटोमेटेड बॉटल क्रशर मशीन शहर के प्रमुख जगह पर लगाई जाएगी जिसमें प्रमुख पर्यटक स्थल, रेलवे, बस स्टेशन, शैक्षणिक संस्थान, पार्क, सरकारी भवन और शहर के मुख्य चौराहे शामिल है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण और प्लास्टिक वेस्ट से बने

### ❑मेयर और नगर आयुक्त ने किया ऑटोमेटेड बोतल क्रशर मशीन का उद्घाटन

उपयोगी सामान जैसे टेबल, चेयर, फ्लावर पॉट और घर की सजावटी शोपीस वस्तुओं को बनाने पर जोर रहेगा। इस ऑटोमेटेड बॉटल क्रैशर मशीन का संचालन मनसा फैसिलिटी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो की प्लास्टिक की बॉटलो को रिसाइकल करेगा, जिससे नगर निगम देहरादून द्वारा रिसाइकल रॉ मैटेरियल को उनसे सीधे खरीदा जाएगा। जिसके माध्यम से नगर निगम उपयोगी वस्तु बनाकर शहर के मुख्य चौक चौराहा पर उपयोग के तौर पर इस्तेमाल करेगा। नगर निगम देहरादून की इस अभिनव पहल से न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी बल्कि आमजन को भी प्लास्टिक के सही निस्तारण के लिए प्रेरणा मिलेगी। नगर निगम आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि इस मशीन के द्वारा सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक को रिसाइकिल कर उपयोगी चीजे बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जगह चिन्हित कर ली गई है, इस मशीन का फीडबैक देखते हुए यहां मशीन इन सभी चिन्हित जगह पर लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां मशीन पीपीपी मोड के माध्यम से संचालित की जा रही है। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा इस मशीन की पहल से प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड को बढ़ावा मिलेगा। ऑटोमेटिक प्लास्टिक बॉटल क्रैशर मशीन के सहयोग से नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर को मुक्त कराएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है, जो कि देहरादून स्वच्छ व अनुकूल उत्तराखंड के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# मुख्यमंत्री ने किया लैब ऑन व्हील्स का फ्लैग ऑफ



देहरादून (सं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से छात्र कौशल संवर्धन हेतु लैब ऑन व्हील्स (इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड) का फ्लैग ऑफ किया। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से छात्र कौशल संवर्धन हेतु लैब ऑन व्हील्स (इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड) का फ्लैग ऑफ किया। यह लैब ऑन व्हील्स छात्रों को ए.आई, कोडिंग, आई.ओ.टी एवं अन्य इमर्जिंग टेक क्षेत्रों में कौशल संवर्धन के लिए हैण्ड्स ऑन सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही विज्ञान विषय के विभिन्न प्रयोगों को वर्चुअल मोड से सीखने में सहायता प्रदान करेगा। लैब ऑन व्हील्स छात्रों को लर्निंग बाई डूइंग के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड लैब ऑन व्हील्स आगामी 05 वर्ष तक पूरे राज्य संस्थाओं में जाकर छात्रों को जागरूक करते हुए उनको हैण्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान करेगा और उनको वैश्विक संभावनाओं से जोड़ेगा। लैब ऑन व्हील्स राज्य में छात्रों के लिए हैण्स ऑन प्रशिक्षण की अनुपलब्धता को न्यून करेगा। लैब ऑन व्हील्स में उपलब्ध हैण्ड्स ऑन एवं प्रैक्टिकल्स उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों हेतु उपयोगी है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रमोद नैनवाल, उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा के अधिकारी एवं इंफोसिस प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नशीले इंजेक्शनों सहित एक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बनभूलपुरा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले इंजेक्शनों की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को हिमालय स्कूल के पीछे गौला बाईपास रोड, यात्री विश्राम गृह के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम समीर उर्फ बूची पुत्र खालिद खाँ निवासी इन्द्रानगर थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# एसपी ने किया यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण



संवाददाता

उत्तरकाशी। एसपी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय द्वारा यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेते हुये यातायात कार्यालय की पत्रावलियों व अभिलेखों का अवलोकन किया गया। यातायात के स्टोर रुम का निरीक्षण करते हुये स्टोर मे रखें ट्रैफिक इक्विपमेंट को व्यवस्थित एवं क्रियाशील दशा में रखने के निर्देश दिये गये, समय-समय पर स्टोर मे रखे उपकरणों की साफ-सफाई करने तथा क्रियाशीलता को चैक करते रहने की हिदायतें दी गयी। खराब व अक्रियाशील उपकरणों को रिप्लेस करवाने के निर्देश दिये गये। उत्तराखण्ड पुलिस एप्प व ऑनलाईन चालानों को निर्धारित समय अन्तराल मे निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। प्रभारी यातायात को जनपद में व्यवस्थित यातायात प्रबन्धन, यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर नियमित कार्रवाई करने के साथ सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जनागरुकता बढाने हेतु निर्देशित किया गया। बर्फवारी वाले रुटों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा अत्याधिक पालाग्रस्त/बर्फ की स्थिति में पर्यटकों/राहगीरों को सुरक्षित स्थानों पर रुकवाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, वाचक पुलिस अधीक्षक कोमल रावत, उनि यातायात लक्ष्मण सिंह चुफाल, आशुलिपिक कैलाश शाह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 'प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस का हल्ला बोल-राजभवन घेराव 16 को'

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यो के खिलाफ कांग्रेस 16 को हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत राजभवन का घेराव करेगी।

आज यहां कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि हाईकमान के आदेश पर कांग्रेस भाजपा सरकार के जनविरोधी चेहरे को जनता के सामने उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार में रिकार्ड बनाया है।

उन्होंने कहा कि अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की जांच को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया है। जिसके चलते




भाजपा को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा सरकार को 2027 के चुनाव में जनता उखडा फैंकेगी। वहीं कुमाऊ में किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले सरकार ने अभी तक एसएसपी को नहीं हटाया।

उन्होंने कहा कि सुखवंत सिंह की आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है क्योंकि उसने सिस्टम से परेशान होकर आत्महत्या की थी उसका सिस्टम ने उत्पीडन किया जिसके चलते उसको ऐसा कदम उठाना पडा। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिये हैं। प्रदेश में अपराधियों व सरकारी मशीनरी का गठजोड काम कर रहा है। माफियाओं को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है।

वहीं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाया जायेगा और आने वाले तीन माह में धरना, प्रदर्शनों के माध्यम से सरकार के भ्रष्टाचार को जनता के बीच लाया जायेगा जिसकी शुरूआत 16 फरवरी को राजभवन घेराव से किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला अपराधों में भाजपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं जो चिन्ताजनक व शर्मनाक है।

प्रेस वार्ता मे हरक सिंह रावत, शूरवीर सजवाण, सुरेन्द्र शर्मा, नीवन जोशी, राजकुमार जयसवाल आदि मौजूद थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*